भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2623**
दिनांक 16.12.2025 को उत्तरार्थ

**हिमाचल प्रदेश में स्वामित्व योजना का कार्यान्वयन**

†2623. श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हिमाचल प्रदेश में स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण किए गए गांवों/बस्तियों की जिला-बार संख्या कितनी है और कुल मानचित्रित क्षेत्रफल कितना है तथा अब तक जारी किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या कितनी है और कवर की गई ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है तथा ड्रोन सर्वेक्षण, भूखंड मैपिंग, संपत्ति कार्ड जारी करने और राज्य भू-अभिलेख प्रणाली के साथ स्वामित्व अभिलेखों के एकीकरण की प्रगति क्या है;

(ख) क्या हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार के विभिन्न विभाग जैसे राजस्व, ग्रामीण विकास, सर्वेक्षण और समाधान, तथा आईटी, स्वामित्व के निर्वाध कार्यान्वयन के लिए केंद्र के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय कर रहे हैं;

ग) राज्य में स्थानीय राजस्व जुटाने में वृद्धि, बैंक ऋण की सुविधा और सर्वेक्षण के बाद भूमि-विवाद समाधान जैसे उल्लेखनीय लाभ का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने विशेष दिशानिर्देशों के माध्यम से पहाड़ी/वन क्षेत्रों में तकनीकी चुनौतियों का समाधान किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) राज्य ई-शासन मंचों और राष्ट्रीय भू-अभिलेख डेटाबेस के साथ समामेलन की स्थिति क्या है; और

(च) क्षमता निर्माण और शिकायत निवारण के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

**(**क) हिमाचल प्रदेश में**,** स्वमित्व योजना के तहत**,** लगभग 55वर्ग किलोमीटर के अनुमानित क्षेत्र के साथ 13,920गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया गया है जहाँ 364गांवों के लिए 5,419संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं।लगभग 38**लाख** संपत्ति भूखंडों को डिजिटलीकृत किया गया है। कुल मिलाकर**,** 3353 ग्राम पंचायतों मेंड्रोन सर्वेक्षण हुआहै और 114ग्राम पंचायतों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। सभी संपत्ति कार्ड राज्य राजस्व रिकॉर्ड से डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं। इसका जिलेवार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(**ख) भारतीय सर्वेक्षण विभाग और विभिन्न राज्य सरकार के विभाग जैसे राजस्व**,** पंचायती राज और आईटी विभाग हिमाचल प्रदेश में स्वमित्व योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए समन्वय कर रहे हैं।

(ग) पंचायती राज मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में स्थानीय राजस्व जुटाने, बैंक ऋण या भूमि विवादों के समाधान में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

(घ) स्वामित्व योजना के तहत विशेष रूप से पहाड़ी या वन क्षेत्रों के लिए कोई विशेष दिशानिर्देश जारी नहीं किए गए हैं। मौजूदा योजना फ्रेमवर्क पहाड़ी और वन क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में समान रूप से लागू होता है। जहां भी आवश्यक हो, राज्य सरकार और भारतीय सर्वेक्षण विभाग स्थानीय इलाके से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए परिचालन समायोजन अपनाते है जैसे उड़ान मार्गों को अनुकूलित करना, उपयुक्त जमीनी नियंत्रण बिन्दुओं का उपयोग करना और अतिरिक्त क्षेत्र सत्यापन करना।

(ड) पंचायती राज मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार,स्वामित्व डेटा किसी भी राज्य ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म या राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड डेटाबेस के साथ एकीकृत नहीं है।

(च) भारतीय सर्वेक्षण विभाग समय-समय पर अधिकारियों, जिसमें तहसीलदार, पटवारी और अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल हैं, के लिए क्षमता-निर्माण गतिविधियां करता है, ताकि योजना के तहत तैयार किए गए नक्शों के लिए जमीनी सत्यापन में सहायता मिल सके। संपत्ति कार्ड से संबंधित शिकायत के निवारण के लिए, हिमाचल प्रदेश अबादी देह (अधिकार का अभिलेख) अधिनियम, 2021- 60दिनों की अवधि प्रदान करता है, जिसके दौरान संपत्ति के स्वामी अंतिम रूप देने से पहले संपत्ति कार्डों के मसौदे के संबंध में दावे या आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

***

अनुलग्नक- I

'हिमाचल प्रदेश में स्वमित्व का कार्यान्वयन' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2623जिसका उत्तर दिनांक 16.12.2025को दिया जाना है के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| जिला | पूर्ण की गई ड्रोन उड़ान (गाँव की संख्या ) | तैयार संपत्ति कार्ड (गाँव की संख्या ) | तैयार किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या | शामिल किया गया क्षेत्र (वर्गकीमी ) | डिजिटलीकृत भूखंड | ड्रोन सर्वेक्षण में शामिल ग्राम पंचायातें | संपत्ति कार्डों में शामिल ग्राम पंचायातें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 825 | | | 3.3 | 282085 | 175 | |
| चंबा | 872 | | | 3.488 | 239914 | 287 | |
| हमीरपुर | 1490 | 364 | 5419 | 5.96 | 309725 | 248 | 114 |
| कांगड़ा | 2913 | | | 11.652 | 1245138 | 759 | |
| किन्नौर | 125 | | | 0.5 | 36646 | 64 | |
| कुल्लू | 339 | | | 1.356 | 73785 | 173 | |
| लाहौल और स्पीति | 205 | | | 0.82 | 33826 | 43 | |
| मंडी | 2392 | | | 9.568 | 547569 | 552 | |
| शिमला | 1828 | | | 7.312 | 331965 | 405 | |
| सिरमौर | 693 | | | 2.772 | 144358 | 226 | |
| सोलन | 1769 | | | 7.076 | 401172 | 237 | |
| ऊना | 501 | | | 2.004 | 204175 | 184 | |
| कुल | 13920 | 364 | 5419 | 55.808 | 3850358 | 3353 | 114 |

स्रोत: भारतीय सर्वेक्षण और राज्य राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध करा गई जानकारी के अनुसार

***